# Rapid Fire करेंट अफेयर्स (15 जनवरी)

- **15 जनवरी:** भारत की थल सेना आज के दिन सेना दिवस मनाती है। इस वर्ष यह 71वाँ सेना दिवस है। 1949 में आज ही के दिन भारतीय सेना पूरी तरह ब्रिटिश सेना के नियंत्रण से मुक्त हुई थी और जनरल के.एम. करिअप्पा देश के पहले सेनाध्यक्ष बने थे। उन्हें बाद में फील्ड मार्शल के रैंक से नवाज़ा गया था। इससे पहले ब्रिटिश मूल के जनरल फ्रांसिस बूचर भारत के सेना प्रमुख थे।
- चीन की सीमा पर भारतीय सेना की पहुँच आसान बनाने के लिये सरकार ने सीमावर्ती इलाकों में सामरिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण 44 सड़कें बनाने का फैसला किया है। भारत-चीन सीमा से लगने वाले पाँच राज्यों- जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम एवं अरुणाचल प्रदेश में ये सड़कें बनाई जाएंगी। इसके अलावा पाकिस्तान से लगने वाली पंजाब और राजस्थान की सीमा पर भी 2100 किलोमीटर की मुख्य एवं संपर्क सड़कों का निर्माण किया जाएगा।
- कारोबारी सुगमता और बेहतर नियम पालन के लिये कंपनी कानून में संशोधन करने वाला अध्यादेश सरकार ने फिर से जारी किया। कंपनी कानून 2013 संशोधन विधेयक राज्यसभा में लंबित है, जिसे लोकसभा पारित कर चुकी है। पहली बार अध्यादेश 2 नवंबर को जारी किया था, लेकिन शीत सत्र में इसे संसद की मंजूरी नहीं मिल पाने की वज़ह से अध्यादेश जारी करना पड़ा। गौरतलब है कि पिछले वर्ष अगस्त में सरकार द्वारा गठित समिति ने कंपनी कानून में कई संशोधनों का सुझाव दिया था।
- The Economist मैगज़ीन की Intelligence Unit ने वैश्विक लोकतंत्र सूचकांक का 2018 संस्करण जारी किया है। इसमें भारत को 41वाँ स्थान मिला है। नॉर्वे, आइसलैंड, स्वीडन, न्यूज़ीलैंड और डेनमार्क टॉप-5 में शामिल हैं। चाड, सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक, कांगो, सीरिया और उत्तर कोरिया अंतिम 5 में शामिल हैं। यह सूचकांक पाँच श्रेणियों पर आधारित है, जिनमें चुनावी प्रक्रिया और बहुलवाद, नागरिक स्वतंत्रताएँ, सरकार का कामकाज, राजनीतिक भागीदारी और राजनीतिक संस्कृति शामिल है।
- हाल ही में चीन में ग्लोबल ज़ीरो एमीशन एंड ऑल इलेक्ट्रिकल व्हीकल सम्मेलन का आयोजन हुआ। इसमें भारत ने भी हिस्सा लिया और भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन बाज़ार के विस्तार में चीन के उद्योगों से निवेश और सहभागिता को आमंत्रित किया। भारत ने 2030 तक इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का लक्ष्य हासिल करना चाहता है। चीन दुनिया में इलेक्ट्रिक वाहनों का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता है।
- विवेक देवराय की अध्यक्षता वाली लॉजिस्टिक्स विकास समिति ने हाल ही में अपनी रिपोर्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी को सौंपी। Key Challenges in Logistics Development & the Associated Commerce –Policy Reforms for Ease of Doing Business/Trade in India नामक इस रिपोर्ट में अलग लॉजिस्टिक्स डिपार्टमेंट बनाने तथा ट्रकों के लिये वन टैक्स-वन परमिट का सुझाव दिया गया है। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद यह मानती है कि इससे देश में कारोबारी सुगमता में वृद्धि होगी।
- मध्य प्रदेश में गिद्धों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। हाल ही में प्रदेश भर में एक साथ कराई गई गणना में कुल 7906 गिद्ध पाए गए, जो दो साल पहले गिने गए गिद्धों से 900 ज्यादा हैं। प्रदेश के वन विभाग ने इससे पहले 2017 में गिद्धों की गिनती कराई थी। इस बार प्रदेश के 33 जिलों में एक साथ 886 चयनित स्थानों पर गिनती शुरू की गई थी।
- मध्य प्रदेश के पेंच नेशनल पार्क में बड़ी शिकारी बिल्ली की तरह दिखने वाला एशियन पाम सिवेट नज़र आया है। आमतौर पर दक्षिण भारत में पाए जाने वाले निशाचर प्रवृत्ति के इस स्तनपायी वन्यप्राणी को दिन अथवा दोपहर के समय देख पाना बेहद मुश्किल होता है। यह किसी की आहट सुनते ही जमीन की खोह अथवा अपने आवास में छिप जाता है। रात के अंधेरे में शिकार के लिए बाहर निकलता है और छोटे जीवों जैसे- छिपकली, सांप, मेढक व कीड़ों का शिकार करता है। दक्षिण भारत के अलावा दक्षिण-पूर्व एशिया, श्रीलंका, दक्षिणी चीन में भी यह पाया जाता है।
- सऊदी अरब में अपने परिवार के जुल्मों से परेशान होकर थाईलैंड पहुँचीं18 साल की रहाफ मुहम्मद अलकुनान को कनाडा ने अपने यहाँ शरण देकर नागरिकता प्रदान की है। इस घटना से सऊदी अरब और कनाडा के तनावपूर्ण संबंधों के और बिगड़ने का अनुमान है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष अगस्त में दोनों देशों ने विभिन्न मुद्दों को आधार बनाते हुए अपने-अपने राजदूतों को वापस बुला लिया था।
- जाति और नस्ल सूचक टिप्पणियाँ किये जाने के बाद अमेरिका के नोबेल पुरस्कार विजेता जेम्स वाटसन से उनकी प्रयोगशाला द्वारा दिये गए मानद सम्मान वापस ले लिये गए हैं। जेम्स वाटसन न्यूयॉर्क स्थित कोल्ड स्प्रिंग हार्बर यूनिवर्सिटी से लगभग चार दशकों तक जुड़े रहे हैं और उन्हें DNA Helix का सह-खोजकर्त्ता होने के कारण ह्यूमन जीनोम का पितामह माना जाता है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रथम फिलिप कोटलर अवार्ड से नवाज़ा गया है। इस पुरस्कार के लिये उनका चयन ''देश को उत्कृष्ट नेतृत्व' प्रदान करने के लिये किया गया है। यह पुरस्कार 3P के आधार पर दिया गया है, जिसमें People, Profit, Planet शामिल हैं। यह पुरस्कार हर साल किसी देश के नेता को दिया जाएगा। फेसर फिलिप कोटलर नॉर्थ-वेस्टर्न यूनिवर्सिटी, केलॉग स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में इंटरनेशनल मार्केटिंग के विश्व प्रसिद्ध प्रोफेसर हैं।
- प्रख्यात अंग्रेजी लेखिका नीलम सरन गौड़ को उनकी पुस्तक Requiem in Raga Janaki के लिये 2018 का द हिंदू प्राइज़ फॉर फिक्शन दिया गया है। नॉन-फिक्शन श्रेणी में यह पुरस्कार बंगाली लेखक तथा राजनीतिक-सामाजिक कार्यकर्त्ता मनोरंजन ब्यापारी को उनकी पुस्तक Interrogating My Chandal Life: An Autobiography of the Dalit के लिये दिया गया है। इस पुरस्कार के तहत एक प्रशस्ति-पत्र और पाँच लाख रुपए नकद प्रदान किये जाते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-15-01-2019